रौल नं०.......................नाम परीक्षार्थी..........................................

XII-66 **अर्द्धवार्षिक वार्षिक परीक्षा वर्ष 2023–24** A

## व्यवसाय अध्ययन – केवल प्रश्न–पत्र

समय – 3.00 घण्टा कक्षा – 12 पूर्णांक – 100

नोट:–(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। (ii) प्रश्न संख्या–1 से 10 तक बहुविकल्पीय है। प्रश्न संख्या–11 से 20 तक अति लघु उत्तरीय है, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 30 शब्दों के अन्तर्गत लिखना है। प्रश्न संख्या–21 से 26 तक लघु उत्तरीय हैं जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 100 शब्दों के अन्तर्गत लिखना है। प्रश्न संख्या–27 से 30 तक दीर्घ उत्तरीय हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 250 शब्दों के अन्तर्गत लिखना है। (iii) प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

(बहुविकल्पीय प्रश्न – प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है)

नोट–इस प्रश्न के प्रत्येक खण्ड में चार विकल्प दिये हैं, जिनमें से एक सही है। सही उत्तर अपनी उत्तर–पुस्तिका पर लिखिए:–

1. प्रबन्ध की आवश्यकता होती है :–
(अ) शीर्ष स्तर पर (ब) मध्य स्तर पर
(स) निम्न स्तर पर (द) सभी स्तरों पर।

2. हेनरी फेयोल का जन्म हुआ था :–
(अ) जापान में (ब) फ्रांस में
(स) जर्मनी में (द) अमेरिका में।

3. वैज्ञानिक प्रबन्ध का जन्मदाता है :–
(अ) टेलर (ब) रॉबर्टसन
(स) गिल ब्रेथ (द) उर्विक।

4. नवीन आर्थिक नीति का प्रमुख अंग है :–
(अ) उदारीकरण (ब) निजीकरण
(स) वैश्वीकरण (द) ये सभी।

5. निम्न में कौन–सा संगठन संरचना का प्रकार नहीं है :–
(अ) रेखीय संगठन (ब) कार्यात्मक संगठन
(स) रेखीय और स्टॉफ संगठन (द) लोचपूर्ण संगठन।

6. मानव संसाधन प्रबन्ध में सम्मिलित है :–
(अ) भर्ती (ब) चयन
(स) प्रशिक्षण (द) ये सभी।

7. सम्प्रेषण के न्यूनतम पक्षकार होते हैं :–
(अ) 6 (ब) 8
(स) 4 (द) 2

8. नियंत्रण प्रक्रिया का प्रथम चरण है :–
(अ) बजट बनाना (ब) प्रभाव निर्धारित करना
(स) निष्पादन का मूल्यांकन (द) विचलनों का पता लगाना।

9. नियोजन है :–
(अ) समय की बर्बादी (ब) आवश्यक
(स) अनावश्यक (द) धन की बर्बादी।

(पृष्ठ पलटिए)

10. प्रबन्ध का सार है :-

(अ) नियोजन (ब) संगठन

(स) स्टाफिंग (द) समन्वय।

**(अति लघु उत्तरीय प्रश्न, प्रत्येक प्रश्न 2 अंक)**

11. नियोजन से क्या आशय है?
12. "प्रबन्ध एक सार्वभौमिक क्रिया है।" इस कथन को समझाइए।
13. वैज्ञानिक प्रबन्ध के कोई दो सिद्धान्त बताइए।
14. संगठन को परिभाषित कीजिए।
15. कार्य पर प्रशिक्षण से क्या आशय है?
16. निर्देशन के कोई दो तत्व के विषय में लिखिए।
17. नियंत्रण से क्या तात्पर्य हैं?
18. समय अध्ययन के कोई दो उद्देश्य बताइए।
19. प्रबन्ध के कोई दो उद्देश्य बताइए।
20. व्यावसायिक पर्यावरण क्या है?

**(लघु उत्तरीय प्रश्न, प्रत्येक प्रश्न 5 अंक)**

21. एक पेशे के रूप में प्रबन्ध की पाँच विशेषताएँ लिखिए।
22. वैज्ञानिक प्रबन्ध की पाँच विशेषताएँ बताइए।
23. एक श्रेष्ठ नियोजन में कौन-सी विशेषताएँ होनी चाहिए।
24. भर्ती के आन्तरिक स्रोतों के दोष या सीमायें बताइए।
25. नेतृत्व के प्रमुख कार्यों का वर्णन कीजिए।
26. मौद्रिक और अमौद्रिक प्रेरणाओं में अन्तर बताइए।

**(विस्तृत उत्तरीय प्रश्न, प्रत्येक प्रश्न 10 अंक)**

27. पर्यवेक्षण से आपका क्या आशय है? इसके महत्व को समझाइए।

**अथवा**

कर्मचारियों के चयन की प्रक्रिया की व्याख्या कीजिए।

28. व्यवसाय प्रबन्ध के महत्व का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

कार्यात्मक संगठन ढाँचे का गुण-दोष सहित वर्णन कीजिए।

29. व्यावसायिक पर्यावरण के विभिन्न आयामों को विस्तारपूर्वक समझाइए।

**अथवा**

नई औद्योगिक नीति, 1991 में किये गये मुख्य आर्थिक परिवर्तन कौन-कौन से हैं?

30. सम्प्रेषण की परिभाषा दीजिए। एक प्रभावी सन्देशवाहन के क्या-क्या आवश्यक तत्व हैं?

**अथवा**

विकेन्द्रीयकरण से क्या आशय है? विकेन्द्रीयकरण के लाभ और दोष लिखिए।